## लापुंग में कांग्रेस पार्टी के पांच जिलों का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

# कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ हैं : के राजू

आजाद सिपाही संवाददाता




**लापुंग।** लापुंग प्रखंड स्टेडियम में आज कांग्रेस पार्टी की पांच जिला रांची, खूंटी, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा के जिला अध्यक्ष, प्रखंड, मंडल अध्यक्ष का सम्मेलन हुआ। के राजू झारखंड प्रभारी, सुबोधकांत सहाय, बदलाव पत्रलेख, केशव महतो कमलेश, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की को अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छा भेंट किया गया। इस सम्मेलन में प्रदेश प्रभारी के राजू ने कहा कि कार्यकर्ता के पार्टी के रीढ़ हैं। कांग्रेस द्वारा आगामी चुनाव में अधिक से अधिक लीडर झारखंड से होंगे और केंद्र की राहुल गांधी को प्रधानमंत्री को बनाने के लिए प्रदेश में अधिक से अधिक सीटों लेने देने की बात कही।

झारखंड की कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि दलित और निम्न वर्ग के लोग प्रखंड कार्यालय तक नहीं पहुंच पाते हैं, जिससे सरकार की योजनाओं की जानकारी नहीं मिलती है। उन्हें विकास योजना की जानकारी देना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेवारी है। कार्यकर्ता को विद्यालय में जाकर संविधान की जानकारी बच्चों तक पहुंचायें।

केशव महतो कमलेश ने कहा कि बूथ लेवल पर हम मजबूत होंगे, तभी हम झारखंड में सशक्त बनेंगे। कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ हैं। वोटर के साथ रिश्ता अच्छा होने से कोई चुनाव नहीं हरा सकता है। मुख्य वक्त पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख के अलावा प्रत्येक जिला, मंडल एवं प्रखंड अध्यक्ष ने अपना वक्तव्य दिया और राजनीति पैठ की जानकारी साझा की। कार्यक्रम के पूर्व सभी इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, भीम राव आंबेडकर, महात्मा गांधी, बीर बुद्धू भगत, बिरसा मुंडा को पुष्प अर्पित कर नमन किया। मौके पर सभी पांच जिला के कार्यकर्ता के अलावा लापुंग के वरिष्ठ कार्यकर्ता नकुल सिंह, सुदामा महली, जन्मेजय पाठक, जयंत बारला और अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भुसूर में 501 महिलाओं ने निकाली कलश शोभायात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** सिकिदिरी के भुसूर में श्री श्री शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह सप्ताह भर चलने वाले भागवत ज्ञान महायज्ञ के शुभारंभ के मौके पर मंगलवार को 501 महिलाओं ने कलश शोभा यात्रा निकाली। मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू, भाजपा ग्रामीणों के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार और अमरनाथ चौधरी ने महिलाओं को कलश देकर यात्रा का शुभारंभ किया। पीले वस्त्र पहलनी महिलाओं ने गेतलसूद डैम इंटेक साइड से कलश में जल लेकर ग्राम भ्रमण किया। इसके बाद नवनिर्मित शिव मंदिर परिसर पहुंचीं। बुधवार को प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही सात दिनों तक प्रतिदिन शाम को वृंदावन धाम मथुरा की पूज्य दीदी सुनीता साध्वी कथा वाचन करेंगी। पुजारी के रूप में दिगंबर गोस्वामी वैदिक मंत्रोचरण के साथ प्राण प्रतिष्ठा करायेंगे। अनुष्ठान में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी एवं भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रणधीर चौधरी भी शामिल हुए। कलश यात्रा में आयोजन समिति के अध्यक्ष धनेश्वर महतो, राजेंद्र महतो, नेवालाल महतो, गणेश किशोर महतो, कमल महतो, कौशल किशोर महतो, मुकेश महतो, रामप्रसाद महतो, डिप्टी महतो, बालेश्वर महतो आशा देवी और शिवधर रजवार आदि शामिल थे।

# महाशिवरात्रि आज, निकलेगी शिव बारात

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में महाशिवरात्रि की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सभी शिवालयों की साफ-सफाई कर उसे आकर्षक ढंग से सजाया गया है। त्योहार को लेकर हर जगह उत्साह देखा जा रहा है। वहीं महादानी सत्संग समिति के तत्वावधान में प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी बाबा मंदिर में इस त्योहार को लेकर खास तैयारी की जा रही है। वहीं शिवरात्रि को धूमधाम से मनाने को लेकर शिवालयों को सजाया गया है। आधुनिक रंगीन विद्युत सज्जा की गयी है। शिव भक्त बाबा भोलेनाथ का अभिषेक जल, दूध, दही, गंगाजल, मधु, घी, पंचामृत से करेंगे वहीं व्रतियां उपवास रखकर अपने सौभाग्य की कामना माता पार्वती एवं देवादि देव महादेव से करेंगे।

पूजा-अर्चना को शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। महादानी बाबा का मंदिर इस पूरे क्षेत्र का महत्वपूर्ण मंदिरों में से एक माना जाता है। यहां अधिक संख्या में लोग शिवरात्रि के अवसर पर यहां पर पूजा-अर्चणा के लिए आते हैं। वहीं सांई मंदिर रोड से आकर्षक शिव बारात का आयोजन किया जाता है, जो बाजार टांड़ के देवी मंडप तक जाती है। वहां से वापस थाना होते हुए महावीर चौक आने के बाद महादानी मंदिर प्रांगण में शिव बारात का रस्म पूरा किया जाता है। साथ ही 24 घंटे का अखंड हवन कीर्तन व भंडारे का वितरण होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में महावीर गोप,मेघनाथ गिरी, हरखनाथ महतो, सुरेंद्र सिंह, राजु सिंह, रामनारायण सिंह व ईश्वर बड़ाईक समेत दर्जनों लोग लगे हैं।

## इफ्फत आरा को आजसू ने दी बधाई



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हेसल गांव निवासी इफ्फत आरा, पति मो अंसार अंसारी ने यूजीसी नेट पात्रता परीक्षा में शानदार सफलता अर्जित की है। उनकी इस कामयाबी पर मंगलवार को आजसू नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने घर जाकर उन्हें बधाई दी। शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया। इस अवसर पर आजसू बुद्धिजीवी मंच के जिलाध्यक्ष सज्जाद आलम ने कहा कि इफ्फत ने यह कामयाबी हासिल कर समाज और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मौके पर आजसू के केंद्रीय सचिव राजेंद्र शाही मुंडा, केंद्रीय सदस्य विरेंद्र सिंह भोगता, जगरनाथ महतो, सुनील करमाली, अर्जुन राम, गोवर्धन महतो, आकाश उपस्थित थे।

## सागवान लकड़ी लदा पिकअप वैन जब्त



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के खुखरा पंचायत के चनकोपी गांव से मंगलवार की दोपहर लगभग तीन बजे बेड़ो थाना पुलिस ने सागवान की लकड़ी लदा पिकअप वैन को जब्त किया है। जब्त सागवान की लकड़ी और पिकअप वैन को वन विभाग के हवाले करने समेत इस घटना की जांच शुरू की गयी है। थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने बताया कि पुलिस को कीमती लकड़ी की तस्करी की सूचना मिली थी। इसी सूचना के बाद पुलिस की टीम ने चनकोपी गांव में छापेमारी कर सागवन लकड़ी के लट्ठों से लदी वैन को जब्त किया है।

# महारूद्र यज्ञ का समापन, पंचमुखी हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव मना

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** उनीडीह राजाउलातू स्थित शिवलोक धाम मरासिल्ली पहाड़ में चल रहें महारुद्र यज्ञ का समापन मंगलवार को पूणार्हूति एवं हवन के साथ हुआ। हवन के बाद आरती एवं उपस्थित लोगों ने यज्ञ स्थल का परिक्रमा की। वहीं पंचमुखी हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव मनाया गया। विशेष पूजन के बाद भंडारा आयोजित किया गया।

वहीं महाशिवरात्रि की तैयारी में शिवलोक धाम मरासिल्ली पहाड़ ट्रस्ट के सदस्य दिन रात लगे हुए है। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा ना हो इसका विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पूरे मंदिर में फूलों की आकर्षक सजावट की गयी है। आज भी भंडारा आयोजित किया जायेगा। सफल आयोजन में अध्यक्ष दयानंद राय, मीडिया प्रभारी राजेश वर्मा, दिनेश कुमार सिंह, अशोक राय, सूरत रात, दिलीप राय, नरेंद्र राय, भीम राय, आशुतोष राय, कैलाश महतो, रुद्रेश्वर राय, संजय राय, राजेंद्र राय आदि सहयोग कर रहे है।

# लापुंग में विधिक जागरूकता शिविर लगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** झालसा के निर्देशानुसार, माननीय न्यायायुक्त के मार्गदर्शन पर जस्टीस-ऑन-व्हील जागरूकता कार्यक्रम के तहत लापुंग ब्लॉक के आसपास तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, लापुंग में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पीएलवी मालती देवी ने नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव पर प्रकाश डाला तथा नशा से पीड़ित व्यक्तियों को कानूनी सेवाएं दी और नशीली दवाओं के दुरूपयोग व नशीली दवाओं के खतरे पर जागरूकता कर उपस्थित लोगों को जानकारी दी गयी। डालसा, रांची के पीएलवी ललिता देवी एवं रंथु महतो ने कहा कि विचाराधीन बंदियों तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के वर्गों के लोगों को डालसा के द्वारा मुकदमा लड़ने तथा अपना बचाव करने के लिए निःशुल्क विधिक सहायता दी जाती है। मोटर दुर्घटना में मुआवाजा कैसे प्राप्त किया जा सकता है? इस संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी गयी।

पीएलवी खुदीराम साहू ने बाल श्रम, बाल विवाह, जॉब कार्ड तथा प्रधानमंत्री आवास योजना पर फोकस किया वहीं, परदेशिया महली ने वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, राशन कार्ड तथा मईया सम्मान योजना के बारे में चर्चा किये। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची हमेशा जरूरतमंदों को विधिक सेवा देने के लिए तत्पर हैं, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के द्वारा सभी प्रखंड, पंचायत व अस्पतालों में पीएलवी नियुक्त किये गये है। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, विवाहोत्तर प्रताड़ना के वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले साथ ही साथ भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद एवं वैवाहिक से संबंधित मामलों को चिन्हित करके पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है। इस अवसर पर पीएलवी प्रतिमा कुमारी, ललिता देवी, रंथु महतो, खुदीराम साहु, परदेशिया महली, राजा वर्मा व अन्य उपस्थित थे।

## हाइवा-डाला टेंपो में टक्कर, तीन घायल



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** रांची-मुरी मार्ग पर चमघट्टी के पास मंगलवार की सुबह सिल्ली की तरफ जा रहा एक हाइवा आगे चल रहे एक डाला टेंपो को पीछे से ठोकर मारने के बाद अनियंत्रित होकर पुल के नीचे गिर गया। हाइवा में कोयला लोड था, जबकि ऑटो में सब्जी लदा हुआ था। दोनों वाहन सिल्ली की तरफ जा रहे थे। दुघर्टना में हाइवा चालक कोडरमा निवासी सदन यादव (35 वर्ष) एवं ऑटो में सवार सिल्ली निवासी रोहित मंडल (27) एवं राकेश कोइरी (34) गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सुचना पाकर मौके पर पहुंची अनगड़ा पुलिस सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले गयी, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया।

## वार्षिक उत्सव सह खेलकूद प्रतियोगिता

**ठाकुर गांव (आजाद सिपाही)।** यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल डड़िया में मंगलवार को वार्षिक उत्सव सह खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. उद्घाटन खलरी डीएसपी रामनारायण चौधरी, ठाकुरगांव थाना प्रभारी विनित कुमार और विद्यालय के निदेशक बैद्यनाथ पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। यूनिवर्सल स्कूल भंडरा और डड़िया के छात्रों ने दौड़ प्रतियोगिता में भाग लिया। दौड़ प्रतियोगिता में छात्रों के साथ अभिभावकों ने भी हिस्सा लिया। विजेताओं को डीएसपी और थाना प्रभारी द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया। डीएसपी और थाना प्रभारी ने छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद के महत्व के बारे में बताया। विद्यालय के निदेशक बैद्यनाथ कुमार पांडेय ने भी कहा कि स्कूल का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान प्रदान करना नहीं है, बल्कि छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए तैयार करना भी है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में बबीता पांडेय, प्रगति कुमारी, अंजली सिंह, अर्चना सिंह, आनंद कुमार सिन्हा, बसंत, पंचम, चंचल एवं मंजू का सराहनीय योगदान रहा।

# झामुमो सदस्यता अभियान, सैकड़ों शामिल



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची जिला संयोजक मंडली द्वारा मंगलवार को लोवाडीह स्थित दुर्गा सोरेन चौक के समीप सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन झामुमो केंद्रीय नेतृत्व के निदेर्शानुसार रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। साथ ही स्थानीय स्तर पर लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक सहायता भी प्रदान की गयी। सदस्यता अभियान के तहत पार्टी से जुड़ने वाले नये सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उन्हें फूल माला पहनाई, पार्टी का पट्टा दिया गया और सदस्यता रसीद प्रदान की गयी। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व जिला उपाध्यक्ष बीरू साहू, विलयम रिचर्ड लकड़ा, हरीश महतो, संध्या गुड़िया और अन्य वरिष्ठ महिला नेत्रीगण तथा पार्टी कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका रही। इस अभियान में सैकड़ों लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर झामुमो के क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन भी किया गया। इसमें जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम, संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडीया, अश्विनी शर्मा, संध्या गुड़िया, पूर्व जिला उपाध्यक्ष बीरू साहू, कलाम आजाद, विलयम रिचर्ड लकड़ा सहित कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## आज निकाली जायेगी भगवान शिव की बारात

**खलारी (आजाद सिपाही)।** गायत्री शक्तिपीठ डकरा से महाशिवरात्री पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान शिव की बारात बुधवार को अपराह्न 3:00 बजे से निकाली जायेगी। व्यवस्थापक नव कुमार बनर्जी ने बताया कि गायत्री शक्तिपीठ डकरा से बारात निकल कर डकरा ए टाइप शिव मंदिर जायेगी। उन्होंने शिव बारात में श्रद्धालुओं से शामिल होकर महाशिवरात्री को सफल बनाने का आग्रह किया है।

## धमधमिया नौ नंबर शिव मंदिर में अखंड कीर्तन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** धमधमिया नौ नंबर शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा। इसको लेकर समिति द्वारा तैयारी की जा रही है। मंदिर में मंगलवार को को अखंड कीर्तन सुबह दस बजे से शुरू कर दिया गया है। 26 को पूणार्हुति होगी। उसी दिन खीर प्रसाद वितरण किया जायेगा। शाम में शिव विवाह होगा। आयोजन के सफल बनाने में समिति के नरेश प्रसाद, प्रभु प्रसाद, रघुनाथ गंझू, मोहन पांडेय, सुधीर सिंह, उमाकांत सिंह, नेपाल सिंह, शंकर सिंह, सुरेश साव, अमृत भोगता, मुकद्दर लोहरा, किसुन बेदिया सहित पंचायत के मुखिया एवं अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहता है।

## रामकृष्ण मिशन का सिकल सेल जागरूकता सह जांच शिविर का आयोजन

# सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन के लिए जागरूकता जरूरी : लोकोपाल नंदो

आजाद सिपाही संवाददाता




**बेड़ो।** प्रखंड के बारीडीह गांव स्थित पड़हा जतरा मैदान में मंगलवार को रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी रांची के द्वारा सिकल सेल बीमारी को लेकर जागरुकता सह जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 150 लोगों का जांच कर दवा दिया गया। मौके पर रामकृष्ण मिशन के स्वामी लोकोपाल नंद ने कहा सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन के लिए जन-जागरूकता जरूरी है। सिकल सेल एनीमिया की प्रभावी रोकथाम, प्रबंधन और उपचार के लिए प्रत्येक समुदाय में जन जागरूकता होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा ही ईश्वर की सेवा है। सिकल सेल एनीमिया के उपचार के महान कार्य में सभी को सहयोग करना चाहिए। सरकार ने 2047 तक सिकल सेल एनीमिया मुक्त करने के लिए लक्ष्य रखा गया है। इसे पूरा करने के लिए हम सभी को आगे आकर सरकार का सहयोग करना होगा। इस दौरान अनुराग खाद बीज भंडार के प्रो मुकेश कुमार राय के सौजन्य से इफ्को के डा शशिभूषण व चंदन कुमार के द्वारा 80 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। शिविर को सफल बनाने में रामकृष्ण मिशन के मिडिकल इंचार्ज, चिकित्सक केसी मांझी, काशी नाथ राय,साईं नाथ महतो, मुकेश कुमार राय,ग्राम प्रधान विनोद उरांव, कृष्णा लोहरा, सुरेश उरांव, जगजीवन गोप ने सराहनीय योगदान दिया।

# प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** राष्ट्रीय मतदाता जागरुकता दिवस कार्यक्रम के तहत सिल्ली- 61 विधान सभा क्षेत्र के प्रोजेक्ट उत्क्रमित प्लस टू उवि जोन्हा में विगत 25 जनवरी को अंचल स्तर पर स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच वाद- विवाद, निबंध लेखन, पेंटिंग, गीत एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों के बीच मंगलवार को अंचल कार्यालय अनगड़ा में सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सिल्ली विस सह अंचल पदाधिकारी अनगड़ा राजू कमल के हाथों पुरस्कार वितरण किया गया। वाद- विवाद प्रतियोगिता में प्रोजेक्ट उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय जोन्हा के ममता रजवार को प्रथम, शिल्पा सिमरन को द्वितीय तथा भारती कुमारी को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में लक्ष्मी कुमारी को प्रथम, उषा कुमारी को द्वितीय तथा तनु साहू को तृतीय पुरस्कार मिला। वहीं पेंटिंग प्रतियोगिता में दिवन्ती कुमारी को प्रथम शिल्देश्वर बेदिया को द्वितीय तथा सुमन कुमारी को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। मौके पर शिक्षकगण, अंचलकर्मी समेत अन्य उपस्थित थे।

